# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

## : कार्यालय–आदेश :

राजस्थान सरकार के मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम–1996 के अंतर्गत अधीनस्थ कार्यालयों के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण करने के उपरान्त राज्य सरकार के पत्रांक–प.12(1)शिक्षा–2/अनु.नियु.प्रयो.सहा./2016 दिनांक 27.03.2017 एवं 03.10.2017 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मृतक आश्रितों की संलग्न सूची के अनुसार प्रयोगशाला सहायक ग्रेड–III के कुल 22 अभ्यर्थियों की अनुकम्पात्मक नियमों के तहत नियुक्ति का अनुमोदन किया जाकर उनके नाम के सम्मुख अंकित जिले में पदस्थापन हेतु जिला आवंटित किया जाता है।

**नियुक्ति अधिकारी नियुक्ति आदेश जारी करने से पूर्व निम्न शर्तो की पालना सुनिश्चित करेंगे:–**

1 मृतक आश्रितों को प्रयोगशाला सहायक ग्रेड–III के पद पर नियुक्ति/पदस्थापन आदेश जारी करने से पूर्व आवेदकों की जन्मतिथि, शैक्षिक/प्रशैक्षिक योग्यता संबंधी मूल प्रमाण पत्र प्राप्त कर उनकी वैधता एवं मान्यता आदि की पूर्ण जांच करें एवं योग्यता के बारे में पात्रता रखने पर ही नियुक्ति आदेश जारी करें। राज्य से बाहर की डिग्रियों /प्रमाण पत्र के सत्यापन/वैधता एवं मान्यता के संबंध में सावधानी पूर्वक प्रत्येक प्रकरण की जॉच करेंगे।

2 मृत राज्य कर्मचारियों के परिवार का कोई भी सदस्य केन्द्र/राज्य सरकार या कानूनी बोर्ड, संगठन/निगम जो कि पूर्णतः या भागतः केन्द्र/किसी राज्य सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण में हो, के अधीन (सरकारी कर्मचारी की मृत्यु के समय या आश्रित के नियुक्ति के समय पर) नियमित आधार पर पहले से ही नियोजित नहीं हो एवं न ही पूर्व में किसी आश्रित को नियुक्ति प्रदान की गई है। इस हेतु अनुकम्पात्मक नियमों के नियम–5 के अनुसार शपथ पत्र आश्रित से प्राप्त करें (मृतक की पत्नी स्वयं के लिए नियोजन प्राप्त करने पर यह नियम लागू नहीं होगा।)

3 मृतक की पुत्री की नियुक्ति हेतु अनुमोदन किया गया हो तो, उसके पदस्थापन के समय तक वह अविवाहित है, इस आशय का शपथ पत्र प्राप्त करें।

4 आवेदक पति/पत्नी होने पर कार्यग्रहण तिथि तक पुनः विवाह नहीं किया है, का शपथ पत्र निर्धारित प्रारूप का का शपथ–पत्र प्राप्त करें।

5 आवेदनकर्ता यदि विवाहित है तो आवेदक एवं आवेदक पति/पत्नी (दोनों से) से बिन्दू संख्या–2 के अनुसार नियोजित नहीं होने का शपथ पत्र आवश्यक रूप से प्राप्त करें।

6 कार्मिक विभाग के परिपत्र आदेश दिनांक 27.02.2001 द्वारा जारी निर्देशों की पालना में मृतक के आश्रितों के पालन पोषण/भरण पोषण करने संबंधी शपथ पत्र प्राप्त करेंगे। कार्मिक विभाग के आदेश दिनांक 27.02.2001 की पालना नहीं करने की स्थिति में नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।

7 दत्तक पुत्र–पुत्रियों के संबंध में वैधता की जांच हिन्दू दत्तक तथा भरण पोषण अधिनियम 1956 के प्रावधानानुसार करेंगे।

8 राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक एफ–7(1) कार्मिक (क–2) (95) दिनांक 08.04.2003 के अनुसार दिनांक 01.06.2002 को या उसके पश्चात् दो से अधिक संतान होने की स्थिति में नियुक्ति के पात्र नहीं माने जावेंगे, किन्तु राज्य सरकार (डीओपी) के आदेश दिनांक 29.10.2005 के अनुसार विधवा की नियुक्ति में यह प्रावधान लागू नहीं होंगे(प्रारूप संलग्न)।

9 संलग्न सूचियों में अंकित अभ्यर्थियों को राजस्थान सिविल सेवा(पुनरीक्षित वेतनमान) नियम–2017 के अनुसार वेतन लेवल 08 में प्रोबेशनर ट्रेनी(परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी) के रूप में दो वर्ष के प्रोबेशन पर नियमानुसार देय नियत मानदेय रूपये 18500/–प्रतिमाह पर नियुक्ति प्रदान की जावेगी।

10 परिवीक्षाधीन प्रशिक्षण (प्रोबेशन ट्रेनिज) की अवधि में फिक्स रेमुनरेशन के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार के भत्ते यथा महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, शहरी क्षतिपूर्ति भत्ता, महंगाई वेतन(डीपी) विशेष वेतन, बोनस आदि देय नहीं होगा।

11 परिवीक्षाधीन प्रशिक्षण (प्रोबेशन ट्रेनिज) की अवधि में राज्य बीमा, सामान्य प्रावधायी निधि आदि की कटौती नहीं होगी।

12 परिवीक्षाधीन प्रशिक्षण की अवधि को वार्षिक वेतन वृद्धि के लिए गणना योग्य नहीं माना जावेगा।

13 परिवीक्षाधीन प्रशिक्षण अवधि में इन्हें कलेण्डर वर्ष में केवल 15 दिन का ही आकस्मिक अवकाश वित्त विभाग के आदेश क्रमांकः–एफ–12(9)एफ.डी.(रूल्स)2017 जयपुर दिनांक 30.10.17 के अनुसार देय होगा।

14 वित्त विभाग के आदेश क्रमांकः–एफ–12(9)एफ.डी.(रूल्स)2017 जयपुर दिनांक 30.10.17 के अनुसार प्रोबेशन ट्रेनी के फिक्स रेमुनरेशन से पेंशन अंशदान की कटौती नियमानुसार करनी होगी।

लगातार .....02

लगातार........

15 प्रयोगशाला सहायक ग्रेड–III के पद पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थी राजस्थान शिक्षा अधीनस्थ सेवा नियम–1971 के अनुसार शैक्षणिक योग्यता प्राप्त होना चाहिए।

16 संलग्न सूची में कतिपय अभ्यर्थियों के नाम/पिता का नाम/उपनाम/जन्मतिथि में सहवन से कोई त्रुटि रह गई है तो उन प्रकरणों में अभ्यर्थी के आवेदन पत्र एवं संलग्न प्रमाण पत्रों से मिलान कर अपने स्तर पर उसे दुरूस्त करें। आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज एवं मृतक कर्मचारी के राजकीय दस्तावेज में नाम/उपनाम में परिर्वतन होने पर आवेदक से शपथ–पत्र प्राप्त कर नियुक्ति आदेश जारी करें।

17 राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी अन्य निर्देशों की पालना भी सुनिश्चित करेंगे तथा नियुक्ति अधिकारी मृतक आश्रित के चरित्र सत्यापन संबंधित पुलिस अधीक्षक से करवाने के पश्चात् ही आदेश जारी करेंगे।

18 आवेदक द्वारा दहेज न लिए जाने का स्व घोषणा पत्र।

19 आवेदक द्वारा धुम्रपान/मद्यपान नहीं करने एवं गुटखा नहीं खाने का स्व–घोषणा पत्र अन्य घोषणाओं के साथ।

20 आवेदक द्वारा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र।

21 राज्य सरकार की अधिसूचना एफ–5(51)डीओपी/ए–II/88 पीटी जयपुर दिनांक 08.04.2015 के अनुसार नियम–5 में हुए संशोधन की पालना सुनिश्चित करें।

22 कार्मिक (क–2) विभाग की अधिसूचना दिनांक प.5(51) कार्मिक/क–2/88 पार्ट, जयपुर दिनांक 31.05.16 के अनुसार आवेदक विवाहित है तो उसकी पत्नी/पुत्र/अविवाहित पुत्री यदि पूर्व से ही (नियम–5 में यथा परिभाषित) नियोजित है, को मृतक कर्मचारी पर पूर्णतया आश्रित न होने के कारण, नियम–2(ग) के तहत आश्रित की श्रेणी में नहीं माना जायेगा। फलतः ऐसे पुत्र को अनुकम्पात्मक नियुक्ति देय नहीं होगी।

23 आवेदक की सेवा–पुस्तिका में लाल स्याही से यह अंकित किया जावें कि श्री/सुश्री/श्रीमती.............. को इनके माता/पिता/पति की मृत्यु पर मृत राज्य कर्मचारी के आश्रितों के भर्ती नियम–1996 के अनुसार नियुक्ति प्रदान की गई है।

चूंकि राजस्थान शिक्षा अधीनस्थ सेवा नियम–1971 के अनुसार प्रयोगशाला सहायक ग्रेड–III के पद पर सक्षम नियुक्ति अधिकारी संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक है, अतः संलग्न सूची के अनुसार पदस्थापन 15 दिवस के भीतर जारी कर प्रति निदेशालय को एवं संबंधित अभ्यर्थी को रजिस्टर्ड डाक द्वारा भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।

नोट : 1. जिशिअ मु–माशि. जोधपुर को निर्देशित किया जाता हैकि आदेश के क.सं. 07 पर अंकित श्री बालकृष्ण छंगाणी पुत्र स्व श्री राधाकृष्ण छंगाणी को अनुकम्पा नियुक्ति आदेश जारी करने से पूर्व आपके कार्यालय स्तर से जारी नियम–05 प्रमाण पत्र के स्थान पर नियम–05 शपथ पत्र अंकित हो गया है अतः संशोधित नियम–05 प्रमाण पत्र निर्धारित भाषा/प्रारूप में जारी कर, एक प्रति इस कार्यालय को अनिवार्य रूप से भिजवाएँ ।

2. क्र.स. 17 पर विवाहित आवेदक श्री प्रवीण यादव पुत्र स्व श्री दयाराम यादव से उनकी पत्नि की तरफ से जारी आवेदक परिवार/उनके पति (पति/पुत्र/अविवाहित पुत्री आदि) के सम्बन्ध में नियम–05 शपथ पत्र निर्धारित भाषा में प्राप्त करने के उपरान्त ही नियुक्ति आदेश जारी करें ।

3. संलग्न सूची (22 अभ्यर्थी)

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

(काना राम)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–मा/संस्था/एफ–I/फा–2/12247/अनु.नियु./प्र.शा.स–ग्रेड–III/2022/10–13 दिनांक 04.03.2022

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. शासन उप सचिव शिक्षा (ग्रुप–2 )विभाग, शासन सचिवालय, राजस्थान–सरकार, जयपुर।
2. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्युटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
3. संबंधित संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा ..............................को प्रेषित कर लेख है कि प्रयोगशाला सहायक ग्रेड–III के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदन पत्र तत्काल अपने अधीनस्थ कार्यालयों को उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करावें।
4. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा................................को संलग्न सूची में उल्लेखित अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र संबंधित संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा ...........................से प्राप्त कर प्रयोगशाला सहायक ग्रेड–III के पद पर सीधी भर्ती वर्ष 2016/2018 एवं 2021–22 हेतु प्रेषित अर्थना में जिलेवार विज्ञापित पदों को ध्यान में रखते हुए नियुक्ति आदेश जारी करवाकर पालना सुनिश्चित करावें एवं पद रिक्त नहीं होने की स्थिति में आवेदन पत्र पुनः इस कार्यालय को अनिवार्य रूप से भिजवायें।
5. सहायक निदेशक, शाला दर्पण एवं मोनिटरिंग अनुभाग, कार्यालय हाजा।
6. रक्षित पत्रावली!
7. संलग्न– मूल आवेदन–पत्र

संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान—बीकानेर

क्रमांक : शिविरा—माध्य / संस्था / एफ—1 / 12247 / अनु.नियु. / प्र.शा.स. / ग्रेड—III / फा—08 / मीटिंग / 2022 / 10—13 दिनांक 04.03.2022

मृतक राज्य कर्मचारियों के आश्रितों को प्रयोगशाला सहायक ग्रेड III के पद पर नियुक्ति हेतु अनुमोदित अभ्यर्थियों के जिला आवण्टन की सूची

| क्र. स. | मृतक का नाम मय पदनाम | निधन की तिथि | मृतक से संबंध | आवेदक का नाम, शैक्षणिक योग्यता (BSER/ CBSE/ NIOS ETC) एवं जन्मतिथि | आवेदन तिथि एवम् आवेदित पद | आवण्टित जिला |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | स्व श्री प्रहलाद राम<br>अध्यापक लेवल—1<br>राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बीलवा (खेतड़ी) झुंझुनूं (राज) | 26.09.2020 | पुत्र | श्री नरेन्द्र कुमार नायक<br>सीनियर सैकण्डरी<br>BSER-2014<br>DOB 28.03.1998 | 08.12.2020<br>Lab. Astt..<br>Grade III | झुंझुनूं |
| 2 | स्व श्री श्योजी राम कुम्हार, तत्कालीन वरिष्ठ सहायक<br>राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गोठड़ा (खण्डार) सवाई—माधोपुर (राज) | 21.05.2021 | पुत्र | श्री नरेन्द्र कुम्हार<br>सीनियर सैकेण्डरी<br>BSER-2014<br>DOB 03.06.1997 | 24.06.2021<br>Lab. Astt..<br>Grade III | टोंक |
| 3 | स्व श्रीमती मधुबाला आर्य, अध्यापिका<br>रा बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, चिरडाणी पीपाड़ शहर, जोधपुर | 09.05.2021 | पुत्र | श्री गौरव निहालिया<br>सीनियर सैकेण्डरी<br>BSER-2012<br>DOB 17.03.1997 | 16.07.2021<br>Lab. Astt..<br>Grade III | जोधपुर |
| 4 | स्व श्री घनश्याम शर्मा<br>व्याख्याता— संस्कृत<br>रा. उच्च माध्यमिक विद्यालय<br>अवार (कुम्हेर) भरतपुर | 27.05.2021 | पत्नि | श्रीमती मीनाक्षी शर्मा<br>सीनियर सैकेण्डरी<br>BSER-2007<br>DOB 25.05.1991 | 16.06.2021<br>Lab. Astt..<br>Grade III | अलवर |
| 5 | स्व श्री रिद्धकरण<br>वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक<br>रा उच्च माध्यमिक विद्यालय, अजीतसर (सरदार शहर) चूरू | 18.04.2021 | पुत्र | श्री रविप्रकाश<br>सीनियर सैकेण्डरी<br>BSER-2010<br>DOB 01.07.1994 | 04.06.2021<br>Lab. Astt..<br>Grade III | चूरू |
| 6 | स्व श्रीमती कौशल्या शर्मा<br>अध्यापक लेवल—2<br>रा उच्च माध्यमिक विद्यालय<br>मेलूसर (रतनगढ) चूरू | 25.05.2021 | पुत्र | श्री सेतु भदामिया<br>सीनियर सैकेण्डरी<br>BSER-2011)<br>DOB 02.09.1993 | 19.07.2021<br>Lab. Astt..<br>Grade III | चूरू |
| 7 | स्व श्री राधाकृष्ण छंगाणी<br>व्याख्याता— जीव विज्ञान<br>राज उच्च माध्यमिक विद्यालय<br>लोहावट (जोधपुर) | 06.05.2021 | पुत्र | श्री बालकृष्ण छंगाणी<br>सीनियर सैकेण्डरी<br>BSER-2005<br>DOB 08:08.1987 | 18.06.2021<br>Lab. Astt..<br>Grade III | जोधपुर |
| 8 | स्व श्री बाबू लाल मीना<br>राज उच्च माध्यमिक विद्यालय<br>संवासा (लालसोट) दौसा | 04.12.2020 | पुत्री | सुश्री नीरज मीना<br>सीनियर सैकेण्डरी<br>BSER-2011)<br>DOB- 01.08.1996 | 02.03.2021<br>Lab. Astt..<br>Grade III | अलवर |
| 9 | स्व श्रीमती पिंकी रानी<br>प्रबोधक<br>राजकीय प्राथमिक विद्यालय<br>04 के.एस.एम (ए) ग्रा.पं. बाण्डा (अनूपगढ)श्रीगंगानगर | 14.05.2021 | पुत्र | श्री श्रेष्ठ जेतली<br>सीनियर सैकेण्डरी<br>BSER-2019<br>DOB- 16.11.2002 | 21.06.2021<br>Lab. Astt..<br>Grade III | श्रीगंगानगर |
| 10 | स्व श्रीमती कविता देवतरा, अध्यापिका, रा उ प्रा वि., नागरवाड़ा (बॉसवाड़ा) / पीईईओ— राउमावि. नूतन, बांसवाड़ा | 01.08.2021 | पुत्र | श्री निलेश देवतरा<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2009<br>DOB- 01.07.1992 | 02.10.2021<br>Lab. Astt..<br>Grade III | बांसवाड़ा |

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

लगातार.....2

क्रमांक : शिविरा–माध्य/संस्था/पुना–1/12247/अनु.नियु./प्र.शा.स./ग्रेड–III/फा–08/मीटिंग/2022/10–13 दिनांक 04.03.2022

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | स्व श्री लाखाराम सोनी<br>व्याख्याता<br>महात्मा गांधी राजकीय (अंग्रेजी माध्यम) विद्यालय,<br>सेड़वा (बाड़मेर) | 24.07.2021 | पुत्र | श्री रमेश कुमार<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2017<br>DOB- 25.09.2000 | 14.08.2021<br>Lab. Astt..<br>Grade III | बाड़मेर |
| 12 | स्व श्री वेद पाल<br>वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक<br>राज उच्च माध्यमिक विद्यालय,<br>गुन्दीताल (राजगढ़) चूरू, | 27.02.2021 | पुत्र | श्री पंकज कुमार<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2013<br>DOB- 05.03.1996 | 06.05.2021<br>Lab. Astt..<br>Grade III | चूरू |
| 13 | स्व श्री बजरंग लाल, प्रधानाध्यापक<br>(वरिष्ठ अध्यापक एवं समकक्ष)<br>रा उच्च प्राथमिक विद्यालय, रामल्यासा<br>(पाटन) सीकर | 06.05.2020 | पुत्र | श्री हेमन्त कुमार<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2021<br>DOB- 04.08.2003 | 15.06.2020<br>Lab. Astt..<br>Grade III | सीकर |
| 14 | स्व श्री सुभाष चन्द्र<br>अध्यापक<br>रा उ प्रा विद्यालय, खोहरी<br>अलसीसर (झुंझुनूं) | 05.09.2021 | पुत्र | श्री राज कुमार नारनोलिया<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2011<br>DOB- 05.08.1995 | 26.10.2021<br>Lab. Astt..<br>Grade III | झुंझनू |
| 15 | स्व. श्री रायमल<br>भूतपूर्व हैडकनि.–779<br>पुलिस लाईन बाड़मेर (राज) | 27.11.2019 | पुत्र | श्री पंकज कुमार<br>DOB. 05.07.1998<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2014 | 28.01.2020<br>Lab Asstt<br>Grade-III | बाड़मेर |
| 16 | स्व श्री दयाराम यादव<br>अध्यापक लेवल–2<br>रा उ मा विद्यालय, भांकरी,<br>(पावटा) जयपुर | 30.05.2021 | पुत्र | श्री प्रवीण यादव<br>12वीं विज्ञान<br>BSER —2009<br>DOB 13.09.1992 | 23.06.2021<br>Lab Asstt<br>Grade-III | नागौर |
| 17 | स्व श्री श्याम सुन्दर शर्मा<br>सहायक प्रशासनिक अधिकारी<br>रा उ मा वि., अरतावन (कुम्हेर)<br>भरतपुर | 23.10.2021 | पुत्र | श्री भुवनेश तिवाड़ी<br>12वीं विज्ञान<br>(BSER-2015)<br>DOB 11.06.1999 | 03.12.2021<br>Lab<br>Assistant | जयपुर |
| 18 | स्व श्री राजा राम मीणा<br>अध्यापक<br>रा उ प्रा विद्यालय, बालुन्दा<br>(देवली) टोंक | 15.03.2012 | पुत्र | श्री बुद्धि प्रकाश मीणा<br>12वीं विज्ञान<br>(BSER-2015)<br>DOB 30.04.1998 | 24.12.2018<br>Lab<br>Assistant | टोंक |
| 19 | स्व श्री सत्यनारायण परेवा<br>सहायक कर्मचारी (च.श्रे.क.)<br>रा बालिका उ मा विद्यालय<br>साम्भरलेक (जयपुर) | 21.09.2021 | पुत्र | श्री राहुल परेवा<br>12वीं विज्ञान<br>BSER-2016<br>DOB 04.10.1998 | 22.10.2021<br>Lab<br>Assistant | नागौर |
| 20 | स्व मुख्तार अहमद<br>अध्यापक ले–2<br>रा उ मा विद्यालय, ताखलसर<br>(फतेहपुर) सीकर | 01.04.2021 | पुत्र | श्री मोहम्मद असद फारूकी<br>12वीं विज्ञान<br>BSER —2021<br>DOB 18.07.2003 | 22.06.2021<br>Lab Asstt<br>Grade-III | सीकर |
| 21 | स्व श्री रामप्रकाश मुण्डेल<br>अध्यापक ग्रेड III<br>राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय आसंडा<br>(मण्डोर ) जोधपुर | 12.05.2021 | पुत्र | श्री सन्दीप मुण्डेल<br>सीनियर सैकेण्डरी<br>BSER-2019<br>DOB- 12.10.2000 | 20.07.2021<br>Lab. Astt..<br>Grade III | जोधपुर |
| 22 | स्व श्री तरुण कुमार लोढा<br>अध्यापक ग्रेड III<br>रा उच्च प्राथमिक विद्यालय,<br>नट कॉलोनी, रानीवाड़ाकलां (जालौर) | 18.07.2021 | पुत्र | श्री यश लोढ़ा<br>सीनियर सैकेण्डरी<br>BSER-2016<br>DOB- 07.07.1998 | 11.08.2021<br>Lab. Astt..<br>Grade III | अलवर |

(कानाराम)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान–बीकानेर

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते